प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राजभवन शिमला में मनाया गया 15 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–जनशिकायतों का समाधान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कांग्रेस की गारंटियों को लेकर नेता प्रतिपक्ष पर झूठ बोलने का लगाया आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राजनीतिक दलों द्वारा जनता को दी जाने वाली गारंटियों का दौर खत्म करने की वकालत की।

स्थापना दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करते हुए राजभवन शिमला में केंद्र शासित प्रदेशों सहित 15 राज्यों का आज स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश में रहने वाले इन राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का प्राथमिक लक्ष्य राज्यों के बीच परस्पर संवाद और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल विभिन्न समुदायों के बीच आपसी समझ व समन्वय बढ़ाती है और सम्मान को बढ़ावा देती है, जिससे हमारी राष्ट्रीयता की भावना को बल मिलता है। राज्यपाल ने कहा कि इन दिवसों को मनाने का उद्देश्य भाईचारे की भावना को बढ़ाना, अखंडता और प्रेम की भावना को मजबूत करना तथा राज्य का दर्जा प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करने वाले लोगों के प्रयासों को याद करना है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने 15 राज्यों के नागरिकों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि जन शिकायतों का समाधान करना वर्तमान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार इस दिशा में निरन्तर बहुआयामी प्रयास कर रही है। वे आज नादौन विधानसभा क्षेत्र की पुतड़ियाल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस कार्यक्रम में कुल एक सौ 47 जनशिकायतें प्राप्त हुई और मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इनका प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के निर्देश दिए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मंत्रिमंडल के सभी सदस्य सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में अपनी पूरी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुतड़ियाल क्षेत्र के लिए कई विकासात्मक परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार कई सार्थक कदम उठा रही है। इसी कड़ी में प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं और मक्की को 40 और 30 रूपये प्रति किलो के मूल्य पर खरीदा जा रहा है।

इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के पांच लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। इस बीच सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री कार्यालय और एसपी कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देहरा का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश दृढ़ता से कार्य कर रही है। सहकारिता विभाग की शिमला में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सहकारी समितियों का पूर्णतः कम्प्यूटराइजेशन किया जा रहा है और पहले चरण में लगभग 8 सौ 70 समितियों के कम्प्यूटराइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों का कम्प्यूटराइजेशन करने में हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश की अनेक सहकारी समितियां सराहनीय कार्य कर रही हैं

और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ–साथ महिला सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने का काम कर रही है और इन्हीं गारंटियों को लेकर देशभर में सुर्खियों में बनी हुई है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा के बाद अब महाराष्ट्र में भी हिमाचल सरकार की चुनावी गारंटियों को ज़िक्र कर रहे हैं। जगत सिंह नेगी ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के आरोपों पर कहा कि वे गारंटियों को लेकर झूठ बोल रहे हैं और कांग्रेस सरकार ने पहली गारंटी ओपीएस को सबसे पहले बहाल किया जो केन्द्र में बीजेपी सरकार के समय बंद हुई थी। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर ने कर्ज़ लेकर प्रदेश को चलाया और 75 हज़ार करोड़ रूपये का कर्ज़ छोड़कर सत्ता से बाहर गए हैं।

राजस्व मंत्री ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष अब कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिशें रचने का काम कर रहे हैं जो कभी सफल नहीं होंगी।

सम्मेलन

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 67वें राष्ट्र मंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए आस्ट्रेलिया के सिडनी पहुंच गए हैं। सम्मेलन के दौरान वे तीन विषयों पर अलग–अलग समय में अपना संबोधन देंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार और विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी उनके साथ सिडनी गए हैं। 8 नवम्बर तक इस सम्मेलन में भाग लेने के बाद कुलदीप सिंह पठानिया तीन देशों न्यूजीलैंड, जापान और दक्षिण कोरिया के अध्ययन प्रवास पर रहेंगे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा जनता को दी जाने वाली गारंटियों का दौर खत्म होना चाहिए। आज मंडी में आयोजित प्रैस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों व निर्दलीय चुनाव लड़ रहे नेताओं के लिए चुनाव आयोग को दिशानिर्देश जारी करने चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि राजनीतिक दल चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के तहत चुनाव लड़ने के लिए बाध्य होने चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने हिमाचल के लोगों को जो गारंटियां दी थी, उन्हें पूरा नहीं कर पाई जिससे लोग ठगा महसूस कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजाना झूठ बोलते हैं जिससे उनके मंत्री व विधायक अपनी ही सरकार से नाराज चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 55 करोड़ रूपये की लागत से पंडोह में बना प्रदेश के पहले रोपवे का उद्घाटन भी आपसी लड़ाई के कारण लटका हुआ है।

जम्वाल

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस की नीतियों व कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकार का उद्देश्य केवल दिखावा और बयानबाजी करना है न कि वास्तविक विकास पर काम करना। राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार के गारंटी पूरी करने के दावों को झूठ का पुलिंदा करार दिया।

मांग

चंबा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में स्थापित सी.टी.स्कैन मशीन बीते करीब तीन माह से खराब पड़ी है जिसके चलते लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सी.टी. स्कैन मशीन के खराब होने के कारण रोगियों को यह सुविधा लेने के लिए मेडिकल कालेज टांडा व पठानकोट जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार व प्रशासन से जल्द सी.टी. स्कैन मशीन को ठीक करवाने का आग्रह किया है ताकि उन्हें सुविधा मिल सके।

बाली

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली की अध्यक्षता में आज शिमला में निदेशक मंडल बैठक अयोजित की गई। इस दौरान बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आर.एस.बाली ने कहा कि पर्यटन निगम का एक नया कार्यालय शिमला के होटल हॉलीडे होम के साथ बनाया जाएगा, जिसका

निर्माण कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम के होटलों में पर्यटकों की आमद बढ़ाने के लिए एक कंपनी के साथ करार किया जा रहा है और होटल के कमरे की बुकिंग होते ही कंपनी निगम को अग्रिम भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि पहली बार देश की सबसे बड़ी कंपनी के साथ यह करार किया जाएगा। आरएस बाली ने कहा कि निगम ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 64 करोड़ रुपये की अदायगी की है।

<u>'' मुख्य समाचार एक बार फिर'</u>

- एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राजभवन शिमला में मनाया गया 15 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—जनशिकायतों का समाधान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कांग्रेस की गारंटियों को लेकर नेता प्रतिपक्ष पर झूठ बोलने का लगाया आरोप।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राजनीतिक दलों द्वारा जनता को दी जाने वाली गारंटियों का दौर खत्म करने की वकालत की।